1

A15

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह, आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/58/2018 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 18.07.2018

श्री पप्पुसिंह पिता स्व. कालूसिंह झाला निवासी पालाखेड़ी, ग्रा.पं. भाणुजा, तह. बडीसादडी

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, बडीसादडी

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 13.08.2018

सूचना का अधिकार अधिनियम--2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, बडीसादडी के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 08.05.2018 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 58/2018/(10.08)/729 दिनांक 18.07.2018 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, बडीसादडी को दिनांक 10.08.2018 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 10.08.2018 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थी नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुआ।

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, बडीसादडी ने अपने पत्र क्रमांक/सू.क.अ./2018/67 दिनांक 24.07.2018 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार हैः–

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रकरण संख्या 58 / 2018 (सू.अ.)
श्री पप्पुसिंह निवासी पालाखेडी बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, बडीसादडी

1. प्रार्थी द्वारा विरासत से खोले गये नामान्तरण संख्या 175 दिनांक 18.12.2017 के संबंध में सूचना चाही गई जो कि कार्यालय हाजा के पत्रांकः सू.क.अ. / 2018 / 58 दिनांक 11.05.2018 द्वारा तहसीलदार, बडीसादडी को प्रार्थी को वांछित सूचना देने हेतु पाबन्द किया।
2. तहसीलदार बडीसादडी के कार्यालय पत्रांक / भू.अ. / 18 / 1063–65 दिनांक 21.06.2018 द्वारा प्रार्थी को वांछित सूचना प्रदान कर दी गई है।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, बडीसादडी द्वारा अपने पत्रांक / सू.क.अ. / 2018 / 67 दिनांक 24.07.18 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नकों का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना / प्रतिलिपियां सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, बडीसादडी द्वारा अपने पत्रांक / भू.अ. / 18 / 1063–65 दिनांक 21.06.2018 से उपलब्ध कराई जा चुकी है।

चूंकि अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना / प्रतिलिपियां निः शुल्क उपलब्ध हो जाने से अब इस प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं रहती है। निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी सारहीन होने से खारीज की जाती है।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(इन्द्रजीत सिंह)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक / सरिश्ता / प्र.सं. / 58 / 2018(सू.अ.) / 793 दिनांकः– 14 / 8 / 2018

प्रतिलिपिः–
1. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, बडीसादडी
2. श्री पप्पुसिंह पिता स्व. कालूसिंह झाला निवासी पालाखेडी, ग्राम पंचायत भाणुजा, तहसील बडीसादडी, जिला चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)
चित्तौड़गढ़ (राज.)